उपाबंध

(रिपोर्ट नं. 255)

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951

भाग 1

प्रारंभिक

2. निर्वचन----(1) इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

(ङ) ''निर्वाचक'' से किसी निर्वाचन-क्षेत्र के संबंध में .....

(ङक)''समाचार के लिए संदाय'' से प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः ऐसे किसी मीडिया, एकक, उसमें नियोजित या किसी भी रीति से उससे संबद्ध व्यक्ति को प्रतिफल स्वरूप कीमत हेतु नकद या माल में इलेक्ट्रानिक मीडिया या प्रिंट मीडिया (प्रिंट, रेडियो टेलीविजन और अन्य सभी इलेक्ट्रानिक) में दिखाई पड़ने वाले इस अधिनियम के अधीन किसी निर्वाचन से संबंधित किसी समाचार या विश्ले-ाण के लिए संदाय किया जाना अभिप्रेत है किंतु इस विधि के अधीन यथापरिभाि-त राजनैतिक विज्ञापन सम्मिलित हैं ;

स्प-टीकरण : इस खंड के प्रयोजन के लिए ''इलेक्ट्रानिक मीडियाऋ और ''प्रिंट मीडिया'' खंड का वही अर्थ होगा जो धारा 126(क) के खंड (ख) और (ग) में है, ।''

(ङख) ''राजनैतिक विज्ञापन'' से इस बावत निर्वाचन आयोग द्वारा यथा अधिसूचित आवश्यक प्रकटन करने के लिए किसी राजनैतिक दल, राजनैतिक दल के अभ्यर्थी, निर्वाचन लड़ने वाला कोई अन्य व्यक्ति या इससे संबद्ध या उससे सहयोजित किसी अन्य व्यक्ति द्वारा संदत्त कोई विज्ञापन अभिप्रेत है ।

(च) ''राजनैतिक दल'' से .....

(छ) ''विहित'' से .....

(ज) ''लोक अवकाश दिन'' से .....

(जक) ''समाचार प्राप्त करने के लिए संदाय'' से इस अधिनियम के अधीन यथापरिभाि-त राजनैतिक विज्ञापन को सम्मिलित न करते हुए इस अधिनियम के अधीन किसी निर्वाचन से संबंधित किसी समाचार या विश्ले-ाण के लिए किसी भी

रीति में प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः संदाय प्राप्त करने हेतु कोई मीडिया एकक, उसमें नियोजित या उसे संबद्ध व्यक्ति अभिप्रेत है ।

भाग 2 अर्हताएं और निरर्हताएं

अध्याय 1--संसद् की सदस्यता के लिए अर्हताएं

4. लोक सभा की सदस्यता के लिए अर्हताएं----लोक सभा में किसी स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए कोई व्यक्ति तब तक अर्हित न होगा जब तक कि----

(क) अनुसूचित जातियों के लिए किसी राज्य में आरक्षित स्थान की दशा में, वह उस राज्य की या किसी अन्य राज्य की अनुसूचित जातियों में से किसी का सदस्य न हो और किसी संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो ;

(ख) (असम के स्वशासी जिलों में की अनुसूचित जनजातियों से भिन्न) अनुसूचित जनजातियों के लिए किसी राज्य में आरक्षित स्थान की दशा में वह (असम के जनजाति क्षेत्रों का अपवर्जन करके) उस राज्य की या किसी अन्य राज्य की अनुसूचित जनजातियों, में से किसी का सदस्य न हो और किसी संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो ;

(ग) असम के स्वशासी जिलों में की अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित स्थान की दशा में, वह उन अनुसूचित जनजातियों में से किसी का सदस्य न हो और उस संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए जिसमें ऐसा स्थान आरक्षित है या किसी ऐसे स्वशासी जिले को समावि-ट करने वाले अन्य संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो ;

(गग) लक्षद्वीप के संघ राज्यक्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित स्थान की दशा में, वह उन अनुसूचित जनजातियों में से किसी का सदस्य न हो और उस संघ राज्यक्षेत्र के संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो;

(गगग) सिक्किम राज्य को आबंटन में मिले स्थान की दशा में, वह सिक्किम के संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो,

(घ) किसी अन्य स्थान की दशा में, वह किसी संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो ।

परंतु धारा 29क की उपधारा (7) के अधीन निर्वाचन आयोग के पास रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दल ही लोक सभा में स्थान भरने के लिए अभ्यर्थियों को अग्रेन्ित करने का हकदार होगा ।

5. विधान सभा की सदस्यता के लिए अर्हताएं----किसी राज्य की विधान सभा में के स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए कोई व्यक्ति तब तक अर्हित न होगा जब तक कि----

(क) उस राज्य की अनुसूचित जातियों के लिए या अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित स्थान की दशा में, वह, यथास्थिति, उन जातियों में से या उन जनजातियों में से किसी का सदस्य न हो और उस राज्य में के किसी सभा निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो ;

(ख) असम *** के किसी स्वशासी जिले के लिए आरक्षित स्थान की दशा में, वह किसी स्वशासी जिले की अनुसूचित जनजाति का सदस्य न हो और उन सभा निर्वाचन-क्षेत्र के लिए, जिसमें उस जिले के लिए ऐसा स्थान या कोई अन्य स्थान आरक्षित है निर्वाचक न हो, तथा

(ग) किसी अन्य स्थान की दशा में वह उस राज्य में के किसी सभा निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक न हो :

परन्तु अनुच्छेद 371 के खण्ड (2) में निर्दि-ट कालावधि के लिए कोई व्यक्ति तब तक नागालैण्ड की विधान सभा में ट्यूनसांग जिले को आबंटित किसी स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए अर्हित नहीं होगा जब तक कि वह उस अनुच्छेद में निर्दि-ट प्रादेशिक परि-ाद् का सदस्य न हो ।

परंतु यह और कि धारा 29क की उपधारा (7) के अधीन निर्वाचन आयोग के पास रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दल ही लोक सभा में स्थान भरने के लिए अभ्यर्थियों को अग्रेनित करने का हकदार होगा ।

अध्याय 3----संसद् और राज्य विधान-मंडलों की सदस्यता के लिए निरर्हताएं

10क. निर्वाचन व्ययों और अभिदान रिपोर्टों का लेखा दाखिल करने में असफलता के कारण निरर्हता----यदि निर्वाचन आयोग का समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति--

(क) निर्वाचन व्ययों और अभिदान रिपोर्टों का लेखा उस समय के भीतर और उस रीति में जैसी इस अधिनियम के द्वारा या अधीन अपेक्षित है, दाखिल करने में असफल रहा है ; तथा

(ख) उस असफलता के लिए कोई अच्छा कारण या न्यायोचित्य नहीं रखता है,

तो निर्वाचन आयोग शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा उसको और उसकी निरर्हित घोनित करेगा और ऐसा व्यक्ति उस आदेश की तारीख से पांच व-र् की कालावधि के लिए निरर्हित होगा ।

भाग 4क : राजनैतिक दलों का रजिस्ट्रीकरण

29क. संगमों और निकायों का राजनैतिक दलों के रूप में आयोग के पास रजिस्ट्रीकरण---(1) भारत के व्यक्तिक नागरिकों का कोई संगम या निकाय, जो स्वयं को राजनैतिक दल कहता है और जो इस भाग के उपबंधों का लाभ उठाना चाहता है, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, राजनैतिक दल के रूप में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने के लिए निर्वाचन आयोग को आवेदन करेगा ।

(2) ऐसा प्रत्येक आवेदन,--

(क) यदि संगम या निकाय लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 1988 (1989 का 1) के प्रारंभ पर विद्यमान है तो ऐसे प्रारंभ के ठीक आगामी साठ दिन के भीतर किया जाएगा ;

(ख) यदि संगम या निकाय ऐसे प्रारंभ के पश्चात् बनाया जाता है तो उसके बनाए जाने की तारीख के ठीक आगामी तीस दिन के भीतर किया जाएगा ।

(3) उपधारा 1 के अधीन प्रत्येक आवेदन पर संगम या निकाय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के (चाहे ऐसा मुख्य कार्यपालक अधिकारी सचिव के रूप में जाना जाता है या किसी अन्य पदाभिधान से जाना जाता है) हस्ताक्षर होंगे और वह आयोग के सचिव को पेश किया जाएगा या ऐसे सचिव को रजिस्ट्री डाक से भेजा जाएगा ।

(4) ऐसे प्रत्येक आवेदन में निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात् :--

(क) संगम या निकाय का नाम ;

(ख) वह राज्य जिसमें उसका प्रधान कार्यालय स्थित है ;

(ग) वह पता जिस पर उसके लिए आशयित पत्र और अन्य संसूचनाएं भेजी जाएं ;

(घ) उसके अध्यक्ष, सचिव, को-ाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के नाम ;

(ङ) उसके सदस्यों की संख्या और यदि उसके सदस्यों के प्रवर्ग हैं तो प्रत्येक प्रवर्ग की संख्या ;

(च) क्या उसके कोई स्थानीय एकक हैं, यदि हैं, तो किन स्तरों पर हैं ;

(छ) क्या संसद् के या किसी राज्य विधान-मंडल के किसी सदन में किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों द्वारा उसका प्रतिनिधित्व किया जाता है ; यदि किया जाता है तो ऐसे सदस्य या सदस्यों की संख्या ।

(5) उपधारा (1) के अधीन आवेदन के साथ संगम या निकाय के, ज्ञापन या नियमों और विनियमों की चाहे वह जिस नाम से ज्ञात हो, एक प्रति होगी और ऐसे ज्ञापन या नियमों और विनियमों में यह विनिर्दि-ट उपबंध होगा कि वह संगम या निकाय विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति तथा समाजवाद, पंथनिरपेक्षता और लोकतंत्र के सिद्धांतों के प्रति सच्ची श्रद्धा और नि-ठा रखेगा और भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखेगा । राजनैतिक अभिलाभ के लिए हिंसा से दूर रहेगा और मूलवंश जाति, पंथ, भा-ा या निवास स्थान पर आधारित विभेद या अंतर से बचेगा ।

(6) आयोग संगम या निकाय से ऐसी अन्य विशि-टियां मंगा सकेगा जैसी वह ठीक समझे ।

(7) आयोग अपने कब्जे में की यथापूर्वोक्त सभी विशि-टियों और कोई अन्य आवश्यक और सुसंगत बातों पर विचार करने के पश्चात् और संगम या निकाय के प्रतिनिधियों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् या तो उस संगम या निकाय को इस भाग के प्रयोजनों के लिए राजनैतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकृत करने का, या जो इस प्रकार रजिस्ट्रीकृत न करने का, विनिश्चय करेगा ; और आयोग अपना विनिश्चय ऐसे संगम या निकाय को संसूचित करेगा :

परंतु कोई संगम या निकाय इस उपधारा के अधीन राजनैतिक दल के रूप में तब तक रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसे संगम या निकाय का ज्ञापन या नियम और विनियम उपधारा (5) के उपबन्धों के अनुरूप नहीं हैं ।

(8) आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा ।

(9) किसी संगम या निकाय के यथापूर्वोक्त राजनैतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के पश्चात् उसके नाम, प्रधान कार्यालय, पदाधिकारियों, पते या किन्हीं अन्य तात्त्विक वि-नयों में कोई तब्दीली आयोग को अविलंब संसूचित की जाएगी ।

29ख. राजनैतिक दलों का अभिदाय स्वीकार करने का हकदार होना---

29ग. राजनैतिक दलों द्वारा लेखों का अनुरक्षण संपरीक्षा और प्रकाशन

(1) प्रत्येक मान्यताप्राप्त राजनैतिक दल उसके द्वारा प्राप्त सभी रकमों को स्प-टतः और पूर्णतः प्रकट करते हुए और उसके द्वारा उपगत व्यय को स्प-टतः और पूर्णतः प्रकट करते हुए लेखे बनाए रखेगा । लेखे वित्त व-र्ा के अनुसार बनाए रखे जाएंगे । प्रत्येक वित्त व-र्ा की समाप्ति के छह मास के भीतर प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल नियंत्रक और महालेखाकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए बनाए गए ऐसे लेखाकारों के पैनल से अर्ह और व्यवसाय कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा सम्यक् रूप से संपरीक्षित अपने लेखे निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत करेंगे ।

(2) निर्वाचन आयोग उपधारा (1) के अधीन सभी राजनैतिक दलों द्वारा प्रस्तुत संपरीक्षित लेखों को अपनी बेवसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा ।

(3) निर्वाचन आयोग उनके प्रस्तुत करने के पश्चात् तीन व-र्ा तक फाइल पर इन लेखों को भी रखेगा और विहित फीस के संदाय पर सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उनहें उपलब्ध कराएगा ।

29घ, राजनैतिक दलों द्वारा प्राप्त अभिदाय की घो-णा : (1) किसी राजनैतिक दल का को-ााध्यख या इस बावत राजनैतिक दल द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति निम्नलिखित की बावत प्रत्येक वित्त व-र्ा में रिपोर्ट तैयार करेगा, अर्थात् :-

(क) उस वित्तीय व-र्ा में किसी व्यक्ति से ऐसे राजनैतिक दल द्वारा प्रापत बीस हजार रुपए से अधिक कुल अभिदाय सहित बीस हजार रुपए से अधिक अभिदाय ;

(ख) उस वित्तीय व-र्ा में सरकारी कंपनी से भिन्न किसी कंपनीसे ऐसे राजनैतिक दल द्वारा प्राप्त बीस हजार रुपए से अधिक कुल अभिदाय सहित बीस हजार रुपए से अधिक अभिदाय ;

(2) उपधारा (1) में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी, राजनैतिक दल का को-ााध्यक्ष या इस बावत राजनैतिक दल द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति उपधारा (1) में निर्दि-ट रिपोर्ट में किसी सरकारी कंपनी से भिनन किसी व्यक्ति या कंपनी से प्राप्त ऐसे अभिदायों की विशि-टियां प्रकट करेगा चाहे उस वित्तीय व-र्ा में राजनैतिक दल द्वारा यथा प्राप्त अभिदाय बीस हजार रुपए से कम है, यदि ऐसे अभिदाय बीस करोड़ रुपए या कुल अभिदाय के बीस प्रतिशत, जो भी कम हो ।

दृ-टांत : एक राजनैतिक दल स्क्र- वित्तीय वर्ष में नकद या चेक में कुल एक सौ करोड़ रुपए प्राप्त करता है । इस रकम में से, पचास करोड़ रुपए बीस हजार रुपए से कम (नकद या बहुल चेकों द्वारा) अभिदायों के माध्यम से अप्रकटित स्रोतों से प्राप्त हुए हैं । स्क्र- बीस करोड़ रुपए से परे सभी दाताओं की विशिष्टियां प्रकट करने का दाई होगा चाहे वे प्रत्येक बीस हजार रुपए से कम अभिदाय दिए हों ।

(3) उपधारा (1) के अधीन रिपोर्ट ऐसे प्ररुप में होगा जो विहित किया जाए ।

(4) उपधारा (1) के अधीन वित्तीय व-र्ा की रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 139 के अधीन उस वित्तीय व-र्ा की अपनी आय की विवरणी प्रस्तुत करने के लिए नियत तारीख के पूर्व राजनैतिक दल के को-ााध्यक्ष या इस बावत राजनैतिक दल द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत की जाएगी ।

स्प-टीकरण : शंकाओं को दूर करने के लिए, यह स्प-ट किया जाता है कि इस धारा में वर्णित ''विशि-टियां'' पद के अंतर्गत इस धारा में निर्दि-ट चंदा दी गई रकम

ऐसे व्यक्ति या कंपनी का नाम और पता और पैनकार्ड संख्या, यदि लागू हो, सम्मिलित होगा ।

29ङ राजनैतिक दलों द्वारा प्रस्तुत अभिदाय रिपोर्टों का प्रकटन -(1) निर्वाचन आयोग द्वारा 29घ के अधीन सभी राजनैतिक दलों द्वारा प्रस्तुत अभिदाय रिपोर्ट अपनी बेवसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा ।

(2) निर्वाचन आयोग उनके प्रस्तुत करने के पश्चात् तीन व-र्ा तक फाइल पर भी इन रिपोर्टों को रेखेगा और विहित फीस के संदाय पर सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उन्हें उपलब्ध कराएगा ।

29च. राजनैतिक दलों द्वारा निर्वाचन व्यय - (1) निर्वाचन लड़ने वाला प्रत्येक राजनैतिक दल राज्य विधानसभा के निर्वाचन की तारीख के पचहत्तर दिनों या लोक सभा के निर्वाचन की तारीख के नब्बे दिनों के भीतर निर्वाचन आयोग के समक्ष निर्वाचन व्यय का कथन प्रस्तुत करेगा जो निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरुप दल द्वारा अनुरक्षित ऐसे कथन की सत्य प्रति होगी ।

(2) बीस हजार रुपए से अधिक किसी निर्वाचन व्यय का संदाय तब तक राजनैतिक दल द्वारा चेक या ड्राफ्ट के द्वारा न कि नकद किया जाएगा जब तक कोई बैंकिंग सुविधा न हो या संदाय वेतन या प्रतिपूर्ति के बदले दल कार्यकारी का किया गया हो ।

29छ. शास्ति - (1) जहां किसी राजनैतिक दल का को-ाध्यक्ष या इस बावत राजनैतिक दल द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति धारा 29घ की उपधारा (4) के अधीन विनिर्दि-ट समय के भीतर विहित प्ररूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी ऐसा राजनैतिक दल :

(क) आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन ऐसे वित्तीय व-र्ा के लिए किसी कर रहित का हकदार नहीं होगा ; और

(ख) अननुपालन के प्रत्येक दिन के लिए पचीस हजार रुपए की शास्ति और जब तक अननुपालन जारी रहता है, का दाई होगा ।

परंतु यदि ऐसा व्यतिक्रम नब्बे दिनों की अवधि के परे जारी रहता है तो निर्वाचन आयोग राजनैतिक दल को कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् उसकी मान्यता समाप्त कर सकेगा ।

(2) यदि निर्वाचन आयोग स्वप्रेरणा से या प्राप्त जानकारी पर किए गए सत्यापन से यह पाता है कि धारा 29घ की उपधारा (4) के अधीन प्रस्तुत रिपोर्ट किसी विशि-टि में मिथ्या है तो निर्वाचन आयोग ऐसे राजनैतिक दल से अधिकतम पचास लाख रुपए

तक का जुर्माना उद्‌गृहीत करेगा ।

29ज. अननुज्ञेय दाता से अभिदाय स्वीकार करने वाले राजनैतिक दलों के लिए शास्ति - यदि कोई राजनैतिक दल किसी अननुज्ञेय दाता से उसे दिया गया कोई अभिदाय स्वीकार करता है तो वह ऐसे शास्ति के संदाय का दायी होगा जो ऐसे दाता से इस प्रकार स्वीकार किए गए रकम का पांच गुना है ।

स्प-टीकरण - इस धारा के प्रयोजन के लिए, ''अननुज्ञेय दाता'' से निम्नलिखित निर्दि-ट है :

(क) धारा 29ख में यथापरिभाि-त सरकारी कंपनी ;

(ख) ऐसी कंपनी जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 182 की उपधारा (1) की अपेक्षाओं का पालन नहीं करती ; या

(ग) विदेशी अभिदाय विनियमन, अधिनियम, 1976 की धारा 2 के खंड (ङ) के अधीन परिभाि-त कोई विदेशी स्रोत ।

भाग IVख : निर्वाचक न्यासों का विनियमन

29झ. अभिदाय स्वीकार करने के हकदार निर्वाचक न्यास - (1) कंपनी अधिनियम, 2013 और आयकर अधिनियम, 1961 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, निर्वाचन न्यास स्कीम, 2013 के अधीन केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा अनुमोदित निर्वाचक न्यास सरकारी कंपनी से भिन्न किसी व्यक्ति या कंपनी द्वारा उसको दिए गए स्वैच्छिक अभिदाय की किसी रकम को स्वीकार कर सकेगा :

परंतु कोई निर्वाचक न्यास विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम, 1976 की धारा (2) के खंड (ङ) के अधीन परिभाि-त किसी विदेशी स्रोत से कोई अभिदाय स्वीकार करने का पात्र नहीं होगा ।

परंतु यह और कि इस भाग में प्रयुक्त सभी शब्द और पद का वही अर्थ होगा जो धारा 29ख में उसका है ।

(2) निर्वाचक न्यासों द्वारा लेखों का अनुरक्षण, संपरीक्षा और प्रकाशन - (क) प्रत्येक निर्वाचन राजनैतिक दल उसके द्वारा प्राप्त सभी रकमों को स्प-टतः और पूर्णतः प्रकट करते हुए और उसके द्वारा उपगत व्यय को स्प-टतः और पूर्णतः प्रकट करते हुए लेखे बनाए रखेगा । लेखे वित्त व-र्ा के अनुसार बनाए रखे जाएंगे । प्रत्येक वित्त व-र्ा की समाप्ति के छह मास के भीतर प्रत्येक मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल नियंत्रक और महालेखाकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए बनाए गए ऐसे लेखाकारों के पैनल से अर्ह और व्यवसाय कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा सम्यक् रूप से संपरीक्षित अपने लेखे निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत करेंगे ।

(ख) निर्वाचन आयोग उपधारा (1) के अधीन सभी राजनैतिक दलों द्वारा

प्रस्तुत संपरीक्षित लेखों को अपनी बेवसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा ।

(ग) निर्वाचन आयोग उनके प्रस्तुत करने के पश्चात् तीन व-र् तक फाइल पर इन लेखों को भी रखेगा और विहित फीस के संदाय पर सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उन्हें उपलब्ध कराएगा ।

3. निर्वाचक न्यास द्वारा प्राप्त अभिदाय की घो-णा - (क) किसी राजनैतिक दल का को-ाध्यख या इस बावत राजनैतिक दल द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति निम्नलिखित की बावत प्रत्येक वित्त व-र् में रिपोर्ट तैयार करेगा, अर्थात् :-

(i) ऐसे व्यक्ति का नाम, पता और पैन के साथ उस वित्तीय व-र् में किसी व्यक्ति से ऐसे निर्वाचक न्यास द्वारा प्राप्त अभिदाय ;

परंतु निर्वाचक न्यास या इस निमित्त न्यास द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति नकद में कोई चंदा नाम, पता और पैन (यदि कोई है) के बिना प्राप्त नहीं करेगा ;

(ii) तारीख, रकम, संदाय का ढंग और राजनैतिक दल के नाम के साथ उस वित्तीय व-र् में निर्वाचन न्यास से राजनैतिक दलों को अभिदाय।

परंतु निर्वाचक न्यास बैंक खाता अंतरण से भिन्न नकद में राजनैतिक दलों को कोई अभिदाय नहीं करेगा ।

(ख) इस उपधारा (2) के अधीन रिपोर्ट ऐसे प्ररुप में होगा जैसा विहित कियिजाए ।

(ग) उपधारा (1) के अधीन वित्तीय व-र् के लिए रिपोर्ट निर्वाचक न्यास के को-ाध्यक्ष या न्यास द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा निर्वाचन आयोग को प्रत्येक वित्तीय व-र् की समाप्ति के छह मास के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा ।

4. निर्वाचक न्यासों द्वारा निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत अभिदाय रिपोर्टों का प्रकटन - (क) निर्वाचन आयोग इस धारा की उपधारा (2) और (3) के अधीन सभी निर्वाचक न्यासों द्वारा प्रस्तुत अभिदाय रिपोर्टों को अपनी बेवसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा ।

(ख) निर्वाचन आयोग उनके प्रस्तुत किए जाने के पश्चात् तीन व-र् तक फाइल पर इन रिपोर्टों को भी रखेगा और विहित फीस के संदाय पर सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उन्हें उपलब्ध कराएगा ।

5. शास्ति - (1) जहां किसी निर्वाचक न्यास द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति धारा 29घ की उपधारा (4) के अधीन विनिर्दि-ट समय के भीतर विहित प्ररूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का

43) में अंतर्वि-ट किसी बात के होते हुए भी ऐसा निर्वाचक न्यास :

(क) आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन ऐसे वित्तीय व-र् के लिए किसी कर रहित का हकदार नहीं होगा ; और

(ख) अननुपालन के प्रत्येक दिन के लिए पचीस हजार रुपए की शास्ति और जब तक अननुपालन जारी रहता है, का दाई होगा ।

परंतु यदि ऐसा व्यतिक्रम नब्बे दिनों की अवधि के परे जारी रहता है तो निर्वाचन आयोग राजनैतिक दल को कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् उसकी मान्यता समाप्त कर सकेगा ।

(2) यदि निर्वाचन आयोग स्वप्रेरणा से या प्राप्त जानकारी पर किए गए सत्यापन से यह पाता है कि धारा 29घ की उपधारा (4) के अधीन प्रस्तुत रिपोर्ट किसी विशि-टि में मिथ्या है तो निर्वाचन आयोग ऐसे राजनैतिक दल से अधिकतम पचास लाख रुपए तक का जुर्माना उद्गृहीत करेगा ।

(3) यदि कोई निर्वाचक न्यास किसी अननुज्ञेय दाता से उसे दिया गया कोई अभिदाय स्वीकार करता है तो वह ऐसे शास्ति के संदाय का दायी होगा जो ऐसे दाता से इस प्रकार स्वीकार किए गए रकम का पांच गुना है ।

स्प-टीकरण - इस धारा के प्रयोजन के लिए, ''अननुज्ञेय दाता'' से निम्नलिखित निर्दि-ट है :

(क) धारा 29ख में यथापरिभा-ित सरकारी कंपनी ;

(ख) ऐसी कंपनी जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 182 की उपधारा (1) की अपेक्षाओं का पालन नहीं करती ; या

(ग) विदेशी अभिदाय विनियमन, अधिनियम, 1976 की धारा 2 के खंड (ङ) के अधीन परिभा-ित कोई विदेशी स्रोत ।

भाग IVग - राजनैतिक दलों का विनियमन

29ञ. राजनैतिक दलों की विरचना - (1) राजनैतिक दल इस देश के नागरिकों द्वारा स्वतंत्र रूप से विरचित किए जा सकते हैं । राजनैतिक दल सरकार की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक प्रणाली का संवैधानिकतः अभिन्न भाग गठित करेंगे ।

(2) प्रत्येक राजनैतिक दल अपना लक्ष्य और उद्देश्य को परिभा-ित करते हुए और इस भाग में विनिर्दि-ट वि-नयों का उपबंध करते हुए अपना संविधान विरचित करेंगे । राजनैतिक दल के लक्ष्य और उद्देश्य भारत के संविधान के किन्हीं उपबंधों से असंगत नहीं होंगे ।

(3) राजनैतिक दल भारत के संविधान में उपवर्णित लक्ष्यों और आदर्शों और

अपने उद्देश्यों और कारणों को पूरा करने के लिए प्रयास करेगा और अनन्यतः अपनी निधियों का उपयोग करेगा ।

29ट. राजनैतिक दलों के नाम और वाद करने की शक्ति -(1) कोई राजनैतिक दल अपने नाम से वाद कर सकेगा और उसके नाम पर वाद लाया जा सकेगा । राजनैतिक दल संपत्तियों को धारित करने और व्यय करने के लिए सक्षम होगा ।

(2) किसी राजनैतिक दल का नाम किसी विद्यमान राजनैतिक दल के नाम से सुस्प-टतः विभेद्य होना चाहिए और निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदन के अधीन होगा । निर्वाचन अभियानों और निर्वाचनों में केवल रजिस्ट्रीकृत नाम या उसके परिवर्णी नाम, जैसा निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है, का ही उपयोग किया जाएगा ।

29ठ. राजनैतिक दल का गठन - राजनैतिक दल के गठन में निम्नलिखित वि-नयों का उपबंध होगा :-

(क) राजनैतिक दल और परिवर्णी (यदि उपयोग किया जाए) का नाम और दल का लक्ष्य और उद्देश्य ;

(ख) सदस्यों के प्रवेश, नि-कासन और उसके द्वारा पद त्याग की प्रक्रिया ;

(ग) सदस्यों के अधिकार, कर्तव्य और बाध्यताएं ;

(घ) ऐसे आधार जिन पर और प्रक्रिया जिसके अनुसार सदस्यों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है ;

(ङ) राज्य, क्षेत्रीय, जिला, खंड और ग्राम स्तर ईकाइयों की विरचना सहित दल का सामान्य संगठन ;

(च) दल की कार्यपालिक समिति (चाहे जिस नाम से इसे कहा जाए) और अन्य अंगों की संरचना और शक्तियां ;

(छ) ऐसी रीति जिसमें आम सभा बैठकों की अध्यपेक्षा और संचालन किया जा सकता है और सातत्यता, विलयन और ऐसे अन्य मूलभूत संगठनात्मक वि-नयों के प्रश्नों का विनिश्चय करने के लिए कन्वेंशन की अध्यपेक्षा करने और आयोजित करने की प्रक्रिया ;

(ज) इस भाग के उपबंधों से संगत दल के वित्तीय ढांचे का प्ररुप और अंतवर्स्तु ।

29ड. कार्यपालिक समितियां - राजनैतिक दल की कार्यपालिक समिति का निर्वाचन किया जाएगा । इसकी अवधि नियत व-र्ा से अधिक नहीं होगी । अवधि की समाप्ति के काफी पूर्व, नई कार्यपालिक समिति के निर्वाचन के लिए कदम

उठाए जाएंगे । वह कार्यपालिक समिति का कारबार क्रियान्वित करने के लिए और नियमित और अत्यावश्यक कार्यपालिक समिति कारबार चलाने के लिए उप-समिति (चाहे जिस नाम से कहा जाए) गठित करने के लिए स्वतंत्र होगा । उप-समिति के सदस्यों का निर्वाचन कार्यपालिक समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा ।

29ढ. मतदान प्रक्रिया - राजनैतिक दल और इसके अंग अपने संकल्प साधारण बहुमत के आधार पर अंगीकार करेंगे । मतदान गुप्त मत द्वारा होगा ।

29ण. अभ्यर्थी चयन - संसद् या राज्य की विधान सभा के निर्वाचनों में खड़े होने के लिए अभ्यर्थियों का चयन संबद्ध स्थानीय दल ईकाइयों द्वारा पारित सिफारिशों और संकल्पों पर सम्यक् ध्यान देते हुए राजनैतिक दल की कार्यपालिक समिति द्वारा किया जाएगा ।

29त. नियमित निर्वाचन - सभी स्तरों पर निर्वाचन कराने सहित इस अध्याय के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित कदम उठाना कार्यपालिक समिति का कर्तव्य होगा । राजनैतिक दल की कार्यपालिक समिति भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा नामित संप्रेक्षको की उपस्थिति में रा-ट्रीय और राज्य स्तरों के निर्वाचन कराएगी । जहां आवश्यक समझा जाए, निर्वाचन आयोग अन्य रा-ट्रीय और राज्य स्तरों पर होने वाले निर्वाचनों में भी अपने संप्रेक्षण भेज सकेगा ।

29थ. अननुपालन के लिए शास्तियां - निर्वाचन आयोग स्वप्रेरणा से या इस भाग के किन्हीं उपबंधों के अननुपालन के अभिकथन के बारे में प्राप्त सूचना पर जांच करने के लिए सक्षम होगा । यदि सम्यक् जांच पर निर्वाचन आयोग का यह समाधान हो जाता है कि किसी राजनैतिक दल द्वारा इस अध्याय के किन्हीं उपबंधों का अननुपालन किया गया है तो आयोग दल को उसके द्वारा विहित अवधि के भीतर अननुपालन को ठीक करने के लिए बुलाएगा । यदि अननुपालन इस प्रकार विहित अवधि के पश्चात् भी जारी रहता है तो निर्वाचन आयोग अननुपालन के प्रत्येक दिन के लिए प्रतिदिन 25000/- रुपए की शास्ति के अधिरोपण सहित मामले की परिस्थितियों में राजनैतिक दल पर ऐसा जुर्माना जो वह ठीक समझे अधिरोपित करने और दल के रजिस्ट्रीकरण को वापस लेने के लिए स्वतंत्र होगा ।

29द. लगातार दस व-र्षों तक निर्वाचनों में अभ्यर्थी खड़ा करने की असफलता के लिए शास्ति - (1) यदि इस अधिनियम की धारा 29क के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई राजनैतिक दल लगातार दस व-र्षों तक लोक सभा या राज्य की विधान सभा का कोई निर्वाचन नहीं लड़ता है तो निर्वाचन आयोग द्वारा उसका रजिस्ट्रीकरण रद्द किए जाने का दायी होगा ।

(2) निर्वाचन आयोग धारा 29क के अधीन सभी राजनैतिक दलों के रजिस्ट्रीकरण की संवीक्षा करेगा और यदि वह यह पाता है कि किसी रजिस्ट्रीकृत दल ने लगातार दस व-र्षों तक लोक सभा या राज्य की विधान सभा का कोई निर्वाचन नहीं लड़ा है तो वह ऐसा रजिस्ट्रीकरण रद्द करेगा ।

भाग 5

निर्वाचनों का संचालन

अध्याय 1--अभ्यर्थियों का नामनिर्देशन

33. नामनिर्देशन-पत्र का उपस्थित किया जाना और विधिमान्य नामनिर्देशन के लिए अपेक्षाएं----(1) हर एक अभ्यर्थी विहित प्ररूप में पूरित और अपने द्वारा तथा निर्वाचन-क्षेत्र में के एक निर्वाचक द्वारा प्रस्थापक के रूप में हस्ताक्षरित नामनिर्देशन-पत्र रिटर्निंग आफिसर को उस स्थान पर जो धारा 31 के अधीन निकाली गई सूचना में इस निमित्त विनिर्दि-ट है धारा 30 के खंड (क) के अधीन नियत तारीख को या के और पूर्व पूर्वाह्न ग्यारह बजे और अपराह्न तीन बजे के बीच या तो स्वयं या अपने प्रस्थापक द्वारा परिदत्त करेगा :

परन्तु ऐसा कोई अभ्यर्थी, जो किसी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दल द्वारा खड़ा नहीं किया गया है, किसी निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन के लिए सम्यक् रूप से तब तक नामनिर्देशित किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि नामनिर्देशन-पत्र पर ऐसे दस प्रस्थापकों द्वारा, जो निर्वाचन-क्षेत्र के निर्वाचक हों, हस्ताक्षर न किए गए हों :

परन्तु यह और कि कोई भी नामनिर्देशन-पत्र रिटर्निंग आफिसर को ऐसे दिन परिदत्त नहीं किया जाएगा जो लोक अवकाश दिन हो :

परन्तु यह भी कि स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन-क्षेत्र, स्नातक निर्वाचन-क्षेत्र या शिक्षक निर्वाचन-क्षेत्र की दशा में, ''निर्वाचन-क्षेत्र में के एक निर्वाचक द्वारा प्रस्थापक के रूप में'' के प्रति निर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि वह ''निर्वाचन-क्षेत्र के निर्वाचकों के दस प्रतिशत द्वारा या ऐसे दस निर्वाचकों द्वारा, इनमें से जो भी कम हो, प्रस्थापकों के रूप में'' के प्रति निर्देश हैं ।

(1क) उपखंड (1) में किसी बात के होते हुए भी सिक्किम विधान सभा के (जो संविधान के अधीन उस राज्य की सम्यक् रूप से गठित विधान सभा समझी जाती है) निर्वाचन के लिए रिटर्निंग आफिसर को परिदत्त किया जाने वाला नामनिर्देशन-पत्र ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से होगा जिन्हें विहित किया जाए :

परन्तु उक्त नामनिर्देशन-पत्र अभ्यर्थी द्वारा यह दर्शाने के लिए हस्ताक्षरित किया जाएगा कि उसने नामनिर्देशन के लिए अपनी अनुमति दे दी है अथवा---

(क) भूटिया-लेपचा उद्‌भव के सिक्किमियों के लिए आरक्षित स्थान की दशा में, प्रस्थापकों के रूप में उस निर्वाचन-क्षेत्र के कम से कम बीस निर्वाचकों द्वारा और समर्थकों के रूप में निर्वाचन-क्षेत्र के बीस निर्वाचकों द्वारा भी;

(ख) संघों के लिए आरक्षित स्थान की दशा में प्रस्थापकों के रूप में उस निर्वाचन-क्षेत्र के कम से कम बीस निर्वाचकों द्वारा और समर्थकों के रूप में उस निर्वाचन-क्षेत्र के कम से कम बीस निर्वाचकों द्वारा भी ;

(ग) नेपाली उद्‌भव के सिक्किमियों के लिए आरक्षित स्थान की दशा में, प्रस्थापक के रूप में उस निर्वाचन-क्षेत्र के एक निर्वाचक द्वारा,

हस्ताक्षरित किया जाएगा :

परन्तु यह और कि रिटर्निंग आफिसर को कोई नामनिर्देशन-पत्र ऐसे दिन परिदत्त नहीं किया जाएगा जो लोक अवकाश दिन है ।

(2) जिस निर्वाचन-क्षेत्र में कोई स्थान आरक्षित है उसमें कोई अभ्यर्थी उस स्थान को भरने के लिए चुने जाने के लिए अर्हित न समझा जाएगा जब तक कि उसके अपने नामनिर्देशन-पत्र में वह विशि-ट जाति या जनजाति जिसका वह सदस्य है और वह क्षेत्र जिसके संबंध में वह जाति या जनजाति उस राज्य की, यथास्थिति, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति है विनिर्दि-ट करने वाली उसके द्वारा की गई घो-णा अन्तर्वि-ट न हो ।

(3) जहां कि अभ्यर्थी धारा 9 में निर्दि-ट किसी पद को धारण करने वाला ऐसा व्यक्ति है जो पदच्युत कर दिया गया है और पदच्युति से पांच व-र्ा की कालावधि बीती नहीं है वहां जब तक कि विहित रीति में निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया यह प्रमाणपत्र कि वह भ्र-ट आचरण या राज्य के प्रति अभक्ति के लिए पदच्युत नहीं किया गया है उसके नामनिर्देशन-पत्र के साथ न हो तो ऐसा व्यक्ति अभ्यर्थी के रूप में सम्यक् रूप से नामनिर्दि-ट हुआ न समझा जाएगा ।

(4) नामनिर्देशन-पत्र के उपस्थित किए जाने पर रिटर्निंग आफिसर अपना यह समाधान करेगा कि नामनिर्देशन-पत्र में यथाप्रवि-ट अभ्यर्थी और उसके प्रस्थापक के नाम और निर्वाचक नामावली संख्यांक वे ही हैं जो निर्वाचक नामावलियों में प्रवि-ट हैं :

परन्तु निर्वाचक नामावली या नामनिर्देशन-पत्र में वर्णित अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक या किसी अन्य व्यक्ति के नाम के बारे में या किसी स्थान के बारे में किसी गलत नाम या अशुद्ध वर्णन अथवा लेखन संबंधी तकनीकी या मुद्रण संबंधी भूल का और निर्वाचक नामावली में या नामनिर्देशन-पत्र में ऐसे किसी व्यक्ति के निर्वाचक नामावली संख्यांकों के

बारे में लेखन संबंधी तकनीकी या मुद्रण संबंधी भूल का प्रभाव ऐसे व्यक्ति या स्थान की बाबत निर्वाचक नामावली या नामनिर्देशन-पत्र के पूरे प्रवर्तन पर किसी ऐसी दशा में नहीं पड़ेगा जिसमें उस व्यक्ति या स्थान के नाम के बारे में वर्णन ऐसा है जो सामान्यतः समझा जा सकने वाला है और रिटर्निंग आफिसर ऐसे किसी गलत नाम या अशुद्ध वर्णन अथवा लेखन संबंधी तकनीकी या मुद्रण संबंधी भूल को शुद्ध किए जाने की अनुज्ञा देगा और जहां कि आवश्यक हो वहां यह निदेश देगा कि निर्वाचक नामावली में या नामनिर्देशन-पत्र में ऐसे किसी गलत नाम, अशुद्ध वर्णन, लेखन संबंधी, तकनीकी या मुद्रण संबंधी भूल की अनुवेक्षा की जाए ।

(5) जहां कि अभ्यर्थी किसी भिन्न निर्वाचन-क्षेत्र का निर्वाचक है, वहां उस निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की या उसके सुसंगत भाग की एक प्रति या ऐसी नामावली में की सुसंगत प्रवि-टियों की एक प्रमाणित प्रति, जब तक कि वह नामनिर्देशन-पत्र के साथ फाइल न कर दी गई हो, संवीक्षा के समय रिटर्निंग आफिसर के समक्ष पेश की जाएगी ।

(6) इस धारा की कोई भी बात किसी अभ्यर्थी को एक से अधिक नामनिर्देशन-पत्र द्वारा नामनिर्दि-ट किए जाने से निवारित न करेगी :

परन्तु एक ही निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचन के लिए चार से अधिक नामनिर्देशन-पत्र किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसकी ओर से न तो उपस्थित किए जाएंगे और न रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रतिगृहीत किए जाएंगे ।

(7) इस अधिनियम की उपधारा (6) में या उसके किन्हीं अन्य उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी, कोई व्यक्ति,----

(क) लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन की दशा में (चाहे सभी संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों में साथ-साथ निर्वाचन कराए गए हों या नहीं), एक से अधिक संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों से ;

(ख) राज्य की विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन की दशा में (चाहे सभी विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों में साथ-साथ निर्वाचन कराए गए हों या नहीं), उस राज्य में एक से अधिक विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों से ;

(ग) राज्य की विधान परि-द् के लिए, जहां ऐसी परि-द् है, द्विवार्-िक निर्वाचन की दशा में, उस राज्य में एक से अधिक परि-द् निर्वाचन-क्षेत्रों से ;

(घ) किसी राज्य को आबंटित दो या अधिक स्थानों को भरने के लिए राज्य सभा के लिए द्विवार्-िक निर्वाचन की दशा में, ऐसे एक से अधिक स्थानों को भरने के लिए ;

(ङ) दो या अधिक संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों से लोक सभा के लिए उप-निर्वाचनों की दशा में, जो साथ-साथ कराए गए हों, ऐसे एक से अधिक संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों से ;

(च) दो या अधिक संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों से राज्य की विधान सभा के लिए उप-निर्वाचनों की दशा में, जो साथ-साथ कराए गए हों, ऐसे एक से अधिक विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों से ;

(छ) राज्य को आबंटित दो या अधिक स्थानों को भरने के लिए राज्य सभा के लिए उप-निर्वाचनों की दशा में, जो साथ-साथ कराए गए हों, ऐसे एक से अधिक स्थानों को भरने के लिए ;

(ज) दो या अधिक परि-नद् निर्वाचन-क्षेत्रों से राज्य की विधान परि-नद् के लिए, जहां ऐसी परि-नद् है, उप-निर्वाचनों की दशा में, जो साथ-साथ कराए गए हों, ऐसे एक से अधिक परि-नद् निर्वाचन-क्षेत्रों से,

निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के रूप में नामनिर्देशित नहीं किया जाएगा ।

स्प-टीकरण--इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए दो या अधिक उप-निर्वाचन साथ-साथ कराए गए तब समझे जाएंगे, जब ऐसे उप-निर्वाचनों की अपेक्षा करने वाली अधिसूचना निर्वाचन आयोग द्वारा, यथास्थिति, धारा 147, धारा 149, धारा 150 या धारा 151 के अधीन एक ही तारीख को निकाली जाती है ।

अध्याय 7क : आस्तियों और दायित्वों की घो-णा

अध्याय 7ख : सरकार प्रायोजित विज्ञापनों पर प्रतिबंध

75ख. सरकार प्रायोजित विज्ञापनों पर प्रतिबंध - यथास्थिति, कोई केंद्रीय या राज्य सरकार लोकसभा या संबद्ध राज्य की विधानसभा की अवधि की समाप्ति की तारीख छह मास पूर्व अवधि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर बैनरों या होर्डिंग के माध्यम से या प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया में केंद्रीय या राज्य सरकार की उपलब्धियों का कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं करेगी ।

"परंतु उपरोक्त निर्बंधन गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों या स्वास्थ्य संबंधी किसी स्कीम से संबंधित सरकारों की उपलब्धियों के विज्ञापनों को लागू नहीं होंगे ; तथापि, ऐसे विज्ञापनों में किसी मंत्री या किसी राजनैतिक दल के नेता का नाम या फोटोग्राफ या किसी राजनैतिक दल का कोई प्रतीक नहीं होगा ।

अध्याय 8---निर्वाचन व्यय और लेखों का रखरखाव

77. निर्वाचन व्ययों का लेखा और उनकी अधिकतम मात्रा---(1) निर्वाचन में हर अभ्यर्थी निर्वाचन संबंधी उस सब व्यय का जो, उस **तारीख को चुनाव की अधिसूचना जारी** और उस निर्वाचन के परिणामों की घो-णा, की तारीख के, जिनके अंतर्गत ये दोनों तारीखें आती हैं, बीच स्वयं द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपगत या प्राधिकृत किया गया

है, पृथक् और सही लेखा या तो वह स्वयं रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा ।

स्प-टीकरण 1---शंकाओं को दूर करने के लिए यह घोन्ति किया जाता है कि,--

(क) किसी राजनैतिक दल के नेताओं द्वारा, राजनैतिक दल के कार्यक्रम का प्रचार करने के लिए वायु यान द्वारा या परिवहन के किसी अन्य साधन द्वारा की गई यात्रा मद्धे उपगत व्यय इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए उस राजनैतिक दल के अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन के संबंध में उपगत या प्राधिकृत व्यय नहीं माना जाएगा**;**

(ख) सरकार की सेवा में और धारा 123 के खंड (7) में वर्णित वर्गों में से किसी से संबंधित किसी व्यक्ति द्वारा, उस खंड के परन्तुक में यथावर्णित अपने शासकीय कर्तव्य के निर्वहन में या तात्पर्यित निर्वहन में की गई किन्हीं व्यवस्थाओं, प्रदान की गई सुविधाओं या किए गए किसी अन्य कार्य या बात के संबंध में उपगत कोई व्यय, इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन के संबंध में उपगत या प्राधिकृत व्यय नहीं माना जाएगा;

स्प-टीकरण 2--स्प-टीकरण 1 के खंड (क) के प्रयोजनों के लिए, किसी निर्वाचन के संबंध में, ''राजनैतिक दल के नेताओं'' पद से,--

(i) जहां ऐसा राजनैतिक दल मान्यताप्राप्त राजनैतिक दल है, वहां संख्या में चालीस से अनधिक ऐसे व्यक्ति, और

(ii) जहां ऐसा राजनैतिक दल किसी मान्याप्राप्त राजनैतिक दल से भिन्न है, वहां संख्या में बीस से अनधिक ऐसे व्यक्ति,

अभिप्रेत हैं जिनके नाम राजनैतिक दल द्वारा ऐसे निर्वाचन के प्रयोजनों के लिए नेताओं के रूप में ऐसे निर्वाचन के लिए, यथास्थिति, भारत के राजपत्र में या उस राज्य के राजपत्र में इस अधिनियम के अधीन प्रकाशित अधिसूचना की तारीख से सात दिन की अवधि के भीतर निर्वाचन आयोग और राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को संसूचित कर दिए गए हैं :

परन्तु कोई राजनैतिक दल, उस दशा में जहां, यथास्थिति, खंड (i) में या खंड (ii) में निर्दि-ट व्यक्तियों में से किसी की मृत्यु हो जाती है या वह ऐसे राजनैतिक दल का सदस्य नहीं रहता है, निर्वाचन आयोग और राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को और संसूचना द्वारा, ऐसे निर्वाचन के लिए अंतिम मतदान पूरा होने के लिए नियत समय समाप्त होने के ठीक अड़तालीस घंटे पहले समाप्त होने वाली अवधि के दौरान, इस प्रकार मृत व्यक्ति या सदस्य न रहे व्यक्ति के नाम के स्थान पर, नए नेता को पदाभिहित करने के प्रयोजनों के लिए नया नाम प्रतिस्थापित कर सकेगी ।]

(2) लेखे में ऐसी विशि-टियां अन्तर्वि-ट होंगी जैसी विहित की जाएं ।

(3) उक्त व्यय का जोड़ उस रकम से अधिक न होगा जो विहित की जाए ।

77क. प्राप्त अभिदायों का लेखा - निर्वाचन का प्रत्येक अभ्यर्थी स्वयं द्वारा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख के पश्चात् अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त चंदों या अभिदायों की बावत निम्नलिखित विशि-टियों में लेखा भी रखेगा, अर्थात् :-

(क) निर्वाचन के लिए उसके दल से अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अभिदाय की रकम ;

(ख) (i) किसी व्यक्ति ;

(ii) किसी कंपनी, जो सरकारी कंपनी हैं -

से अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अभिदाय की रकम ;

(ग) उपरोक्त उपखंड (ख) में दाता का नाम, पता और पैनकार्ड ब्यौरा, यदि लागू हो ;

(घ) प्रत्येक अभिदाय की प्रकृति, विशि-टियों में, क्या यह -

(i) नकद ;

(ii) चेक ; या

(iii) सामान में भेंट हैं ;

(ङ) वह तारीख जिसको अभिदाय प्राप्त हुआ ।

स्प-टीकरण : किसी राजनैतिक दल द्वारा अपने अभ्यर्थी को सभी अभिदाय रेखांकित खाता धारक चेक या ड्राफ्ट या बैंक अंतरण द्वारा किया जाएगा ।

78. लेखे को जिला निर्वाचन आफिसर के पास दाखिल किया जाना--- [1][(1)] निर्वाचन में का हर निर्वाचन लड़ने वाला अभ्यर्थी निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन की तारीख से या यदि निर्वाचन में एक से अधिक निर्वाचित अभ्यर्थी हैं, और उनके निर्वाचन की तारीखें भिन्न हैं तो उन तारीखों में से पश्चात्वर्ती तारीख से तीस दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों और अभिदान रिपोर्ट का लेखा जो उस लेखा की सही प्रति होगी जिसे उसने या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने धारा 77 और 77क के अधीन रखा है जिला निर्वाचन आफिसर के पास दाखिल करेगा ।

78क. लड़ रहे अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत लेखे का प्रकटन :-

(1) जिला निर्वाचन अधिकारी धारा 78 के अधीन लड़ रहे प्रत्येक अभ्यर्थी या उसके

[1] 1966 के अधिनियम सं0 47 की धारा 36 द्वारा धारा 78 को उसकी उपधारा (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया गया ।

निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्ययों और अभिदाय रिपोर्टों के लेखे अपनी बेवसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराएगा ।

(2) जिला निर्वाचन अधिकारी इन रिपोर्टों के फाइल किए जाने के पश्चात् तीन व-र्ा तक फाइल पर रखेगा और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के नियम 88 के अधीन विहित फीस के संदाय पर सार्वजनिक निरीक्षण के लिए उनहें उपलब्ध कराएगा ।

भाग 6 निर्वाचनों की बाबत विवाद

अध्याय 1----निर्वाचन

79. परिभा-ाएं---इस भाग में और भाग 7 में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो---

(घ) ''निर्वाचक अधिकार'' से ..... अभिप्रेत है ।

(ङ) ''उच्च न्यायालय'' से वह उच्च न्यायालय अभिप्रेत है जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वह निर्वाचन हुआ है जिससे निर्वाचन अर्जी सम्बद्ध है; जहां कहीं लागू हो इस भाग में उच्च न्यायालय के प्रतिनिर्देश से इस भाग द्वारा विहित प्रक्रिया के अनुसार सुसंगत उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा अभिहित निर्वाचन न्यायपीठ के निर्देश का सम्मिलित किया गया भी समझा जाएगा ;

(च) ''निर्वाचन अभ्यथी'' से ऐसा अभ्यर्थी अभिप्रेत है .....

अध्याय 2---निर्वाचन अर्जियों का निर्वाचन आयोग को उपस्थित किया जाना

80क. उच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन अर्जियों का विचारण---(1) उच्च न्यायालय ही निर्वाचन अर्जी का विचारण करने की अधिकारिता रखने वाला न्यायालय होगा ।

(2) ऐसी अधिकारिता मामूली तौर पर उच्च न्यायालय के निर्वाचन न्यायपीठ के रूप में अभिहित द्वारा प्रयुक्त की जाएगी और मुख्य न्यायमूर्ति उस प्रयोजन के लिए समय-समय पर एक या अधिक न्यायाधीश समनुदि-ट करेगा :

